प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
17.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

राजनाथ सिंह

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आतंकवाद के खिलाफ अब भारत की लड़ाई सिर्फ सुरक्षा का मामला नहीं रहा बल्कि यह राष्ट्रीय रक्षा नीति का हिस्सा बन गया है। गुजरात के भुज वायुसेना स्टेशन पर कल उन्होंने कहा कि भारत इस हाइब्रिड और छद्म युद्ध को जड़ से खत्म कर देगा। उन्होंने कहा कि इस संघर्ष–विराम का मतलब है कि भारत ने पाकिस्तान को उसके व्यवहार के आधार पर प्रोबेशन पर रखा है। रक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।

*साथियों ऑपरेशन सिंदूर ने यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि हमने शांति के लिए जितना अपना दिल खोल कर रखा है शांति को नष्ट करने वालों की विरुद्ध उतना ही अपना हाथ भी खोल कर रखा है एक और बात में यहां साफ कहना चाहूंगा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है, जो कुछ भी हुआ वो सिर्फ एक ट्रेलर मात्र था। अब जब भी सही समय आयेगा तो हम पूरी पिक्चर भी दुनिया को दिखाएंगे।*

राजनाथ सिंह ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से पाकिस्तान को वित्तीय सहायता देने पर पुनर्विचार करने का भी अनुरोध किया क्योंकि पाकिस्तान ने फिर से अपने आतंकी ढांचे का पुनर्निर्माण शुरू कर दिया है।

शिष्टमंडल

केन्द्र सरकार पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत का पक्ष रखने के लिए विभिन्न देशों में बहुदलीय शिष्टमंडल भेजने पर विचार कर रही है। सूत्रों के अनुसार प्रत्येक शिष्टमंडल में सत्तारूढ और विपक्षी दलों के सांसद शामिल होंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने नई दिल्ली में बताया है कि संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजु ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से इस कूटनीतिक पहल पर बात की है।

ऑपरेशन सिंदूर

आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उत्साह के बीच समग्र राष्ट्र, देश के जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। इंडियन नेवी से सेवानिवृत्त मदन कालटा ने सशस्त्र बलों द्वारा की गई कार्रवाई पर खुशी जताते हुए कहा——

"8" यह जो खुशी का माहौल है वह पूरे देशवासियों के लिए है जैसे जैसे दुश्मन ने हमारे उपर हमले करने शुरू किए हमारे प्रमुख 15 शहरों में तबाह करने की हिम्मत की तो हमारी सेनाओं ने जो उनपे ऐटेक किया हमने डिफेंड किया हमने ऐटेक नहीं किया हमने डिफेंड किया अपने आप को जब बढ़ती गई तो तीन दिन में हमारी सेनाओं ने दिखा दिया कि हम सिर्फ आतंकवाद तक नहीं रूकेंगे जैसे आदेश मिलते है उस हिसाब से हम ऑडर का पालन करेंगे।

जिस प्रकार से भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के नाम इन आतातियों को सबक सिखाया है हर आतंकबादी घटना को देश में युद्ध की तरह माना जाएगा और इसी की तरह इनको जबाब दिया जाएगा। सबसे पहले तो मैं माननीय प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद करना चाहुंगी जिन्होंने यह संदेश दिया कि हमें सभी जातियों से बगैरा उपर उठकर एक साथ निकलकर एक जुट होना है और अपने दुश्मन देश को यह मैसिज दिया है वह जरा सम्भल कर रहे, इंडियन आर्मी हमेशा ही प्राउड फिल करवाती है। भारतीय सेना ने हमेशा ही दिखाया है कि इनमें कितनी ताकत है, अपना दमखम दिखया कि उनमें कितना दम खम है उनके लिए दिल से सैलूट तो करना चाहूंगी।

वहीं प्रदेश के स्थानीय लोगों ने सेना की कार्रवाई पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अधिकारियों के साथ एक बैठक कर शिक्षा बोर्ड की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंनें कहा कि शिक्षा का पाठयक्रम तैयार करते समय बच्चों का समग्र विकास बोर्ड की प्राथमिकता होनी चाहिए। शिक्षा मंत्री ने बोर्ड की गुणवत्ता और परीक्षाओं से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता लाने के साथ उनके पाठयक्रमों में योग, सांस्कृतिक पहलूओं, भाषा ओर खेलकूद को भी पाठयक्रमों का हिस्सा बनाने पर बल दिया।

मुकेश अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार कमजोर वर्ग के विकास और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और सरकार इस दिशा में आगे बढ़ रही है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय विधिक अध्ययन संस्थान द्वारा आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक एवं साहित्यिक उत्सव अभ्युदय–2025 के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने यह बात कही। उन्होंने इस अवसर पर संस्थान द्वारा की जा रही सेवाओं की सराहना भी की।

स्कूल शिक्षा बोर्ड

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की बारहवीं कक्षा का परिणाम आज घोषित किया जाएगा। मार्च में ली गई इस परीक्षा में नियमित और स्टेट ओपन स्कूल के 93 हजार 4 सौ 94 अभ्यर्थियों थे। परीक्षा का आयोजन लाहौल–स्पिति और पांगी को क्षेत्र को छोड़कर अन्य जिलों में 4 मार्च से किया गया था।

प्रदर्शन

68वें राष्ट्रीय स्कूली खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हिमाचल प्रदेश के अंडर–17 और अंडर–19 वर्ग के खिलाड़ियों के लिए 20 मई को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पोर्टमोर, शिमला में सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। हिमाचल ने इस प्रतियोगिता में 3 स्वर्ण, 6 रजत और 24 कांस्य सहित कुल 33 पदक जीतकर अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

सुर्खियां समाचार पत्रों से......

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक का सर्वर हैक कर साइबर ठगों ने निकाल लिए 11 करोड़ 55 लाख रुपये। पंजाब केसरी लिखता है–पी.एम. श्री योजना लागू करने में हिमाचल प्रदेश देशभर में अव्वल। इसी पत्र की एक अन्य ख़बर है–हाईकोर्ट ने प्रवेश परीक्षाओं पर रोक लगाने से इंकार किया। दैनिक भास्कर की सुर्खी है–अब हिमाचल में भी तैयार होंगे टैंक व ड्रोन जैसे सुरक्षा उपकरण–हैदराबाद की कंपनी ने डिफेंस सेक्टर में निवेश के लिए किया आवेदन। हिमाचल दस्तक मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–प्रदेशभर में साइक्लिंग ट्रैक बनाएगी राज्य सरकार। दैनिक जागरण का कहना है–विमल नेगी मौत मामले में विशेष कमेटी से करवाई जा सकती है जांच। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–सूचना आयोग दफ्तर और शिक्षा निदेशालय भी आएगा धर्मशाला। इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11 बजे। नमस्कार।